राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UHIN/2012/43078 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

सीतापुर से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापुर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

सीतापुर ,बुधवार , 20 मई 2026
वर्ष 14,अंक 41, पृष्ट 04, मूल्यः 01 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

दो दिन से लापता अधेड़ का नहर में मिला शव, क्षेत्र में फैली सनसनी...03

अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच पाकिस्तान ने सऊदी में JF-17 और हजारों सैनिक किए तैनात...04

## AAP की तानाशाही के खिलाफ भाजपा का हुंकार, लोकतंत्र को कुचलने वालों को जनता देगी करारा जवाब : तरुण चुग





भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने आज बटाला में आम आदमी पार्टी की तानाशाही और लोकतंत्र विरोधी रवैये के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने भगवंत मान सरकार पर निगम चुनावों में भाजपा उम्मीदवारों के नामांकन पत्र जानबूझकर और अवैध तरीके से रद्द करवाने का गंभीर आरोप लगाया। तरुण चुग ने कहा कि 'आप' सरकार ने बटाला, बरनाला और मोगा के निगम चुनावों में भाजपा के कुल 21 उम्मीदवारों के पर्चे थोक के भाव रद्द करवाए। यह कोई संयोग नहीं बल्कि एक सुनियोजित षड्यंत्र है, जिसका मकसद चुनावी मैदान से भाजपा को बाहर करना है। उन्होंने कहा कि जिन वार्डों में भाजपा परंपरागत रूप से मजबूत रही है, ठीक उन्हीं क्षेत्रों के उम्मीदवारों को निशाना बनाया गया है। चुग ने बताया कि महिला उम्मीदवारों के साथ भी घोर अन्याय हुआ। एक मामले में तो शिकायतकर्ता ने खुद अपनी शिकायत वापस ले ली, फिर भी आप सरकार ने उस महिला भाजपा प्रत्याशी का नामांकन रद्द कर दिया – केवल इसलिए कि उस वार्ड में आप का कोई प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार नहीं था। उन्होंने कहा कि जो सरकार महिला दिवस पर महिला सम्मान के बड़े-बड़े दावे करती है, वही सरकार चुनाव मैदान में महिलाओं के लोकतांत्रिक अधिकार छीन रही है – यह 'आप' का असली चेहरा है। तरुण चुग ने कड़े शब्दों में कहा कि भगवंत मान सरकार लोकतंत्र की आत्मा को रौंद रही है। चुनाव एक संवैधानिक प्रक्रिया है, न कि आप की निजी जागीर। जो चुनाव अधिकारी इस गंदी राजनीति के हथियार बने हैं, उनके खिलाफ भी भाजपा उचित कार्रवाई करवाएगी। चुग ने 'आप' सरकार को उसकी खोखली गारंटियों पर जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि भगवंत मान ने स्वास्थ्य क्रांति का वादा किया था – लेकिन साढ़े 52 महीने बीत जाने के बाद भी एक भी नया अस्पताल नहीं बना, एक भी वार्ड नहीं बना। शिक्षा क्रांति का वादा था – एक भी नया स्कूल नहीं बना, बच्चों को सर्दियों में स्वेटर तक नहीं मिले, किताबें नहीं पहुंचीं। बहनों को हर महीने 1000 रुपये देने की गारंटी दी थी – आज पंजाब की हर बहन के नाम 52,000 रुपये का बकाया चढ़ चुका है, एक रुपया भी जेब में नहीं आया। 10 लाख रुपये के मेडिकल बीमे का ढिंढोरा पीटा – लेकिन असल में डिब्बे पर 10 लाख लिखा, अंदर माल एक लाख का। चुग ने खुली चुनौती दी कि पंजाब में एक भी ऐसा व्यक्ति सामने लाओ जिसे 10 लाख का बीमा मिला हो। केंद्र सरकार ने नेशनल हेल्थ मिशन के तहत पंजाब के सभी अस्पतालों में X-ra4 मशीनें बदलने और प्रयोगशालाएं अपग्रेड करने के लिए पैसा भेजा – AAP सरकार ने वह पैसा अपनी तस्वीरों के बैनर बनाने में उड़ा दिया। चुग ने कहा कि आप सरकार ने अपने चार साल के राज में पंजाब को चार अभिशाप दिए – गैंगस्टर, रंगदारी, लूट माफिया और भ्रष्टाचार। बटाला जो कभी पंजाब की तरक्की का इंजन था, आज गैंगस्टरों की वजह से पिछड़ गया है। पुलिस स्टेशनों पर 22 बम धमाके हो चुके हैं, बी.एस.एफ. पर हमले हो चुके हैं, पुलिस मुख्यालय पर रॉकेट दागे गए, गुरुद्वारों और मंदिरों को निशाना बनाया गया – लेकिन भगवंत मान के पास जवाब नहीं। इससे भी शर्मनाक यह है कि 'आप' के मंत्रियों और विधायकों ने अपने-अपने घरों में 'टॉर्चर सेंटर' बना लिए हैं, जहां अधिकारियों को बुलाकर डरा-धमकाकर फाइलें साइन करवाई जाती हैं। चुग ने यह भी खुलासा किया कि भगवंत मान अपने विदेश दौरे पर जिन दो व्यक्तियों को साथ ले गए – उनमें से एक स्वाती मालीवाल पर हमले का दोषी है और दूसरे पर पंजाब से 100 करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज है। उन्होंने एलान किया कि भाजपा इन सभी अवैध रिजेक्शन को अदालत में चुनौती दे रही है और कोर्ट में याचिकाएं दाखिल की जा रही हैं। चुग ने चेतावनी दी कि भगवंत मान जो 'खंभे' पंजाब में गाड़ रहे हैं – चाहे सत्ता के खंभे हों या भ्रष्टाचार के – भाजपा उन सभी को एक-एक करके उखाड़ फेंकेगी। जो सरकार 21 उम्मीदवारों के पर्चे रद्द करके खुद को 'डॉन' साबित करने की कोशिश कर रही है, उसका भी यही हश्र होगा। पंजाब की जनता इस तानाशाही को अब और बर्दाश्त नहीं करेगी।

## पहले बहन छीनी, अब उसकी इज्जत' ट्विशा शर्मा के मेजर भाई ने कहा- आरोपी फरार क्यों



मध्य प्रदेश भोपाल के बहुचर्चित ट्विशा शर्मा मौत मामले में न्याय की आस लगाए बैठे पीड़ित परिवार का दर्द और आक्रोश एक बार फिर प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सामने आया है. मृतका के पिता नवीनिधि शर्मा और भाई मेजर हर्षित शर्मा ने मीडिया के सामने आकर न केवल जांच प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए, बल्कि मामले में हो रहे घटनाक्रमों को लेकर गहरा दुख भी व्यक्त किया. इस पूरी प्रेस कॉन्फ्रेंस में सबसे संवेदनशील और महत्वपूर्ण मुद्दा मृतका के चरित्र हनन कैरेक्टर एसासिनेशन का रहा, जिस पर पिता ने बेहद भावुक और कड़े शब्दों में आपत्ति जताई. प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मृतका के पिता नवीनिधि शर्मा ने मीडिया और समाज से संवेदनशीलता बरतने की पुरजोर अपील की. उन्होंने बेहद आहत मन से कहा कि उनकी दिवंगत बेटी, जो अब इस दुनिया में अपने बचाव के लिए मौजूद नहीं है, उसके चरित्र पर खुलेआम कीचड़ उछाला जा रहा है. आरोपियों और कुछ तत्वों द्वारा उसे बदनाम करने की सुनियोजित कोशिशें की जा रही हैं. नवीनिधि शर्मा ने साफ तौर पर कहा कि किसी मृत व्यक्ति या पीड़िता की इस तरह से 'चरित्र हत्या' करना अपने आप में एक गंभीर कानूनी अपराध है. उन्होंने मीडिया बिरादरी से आग्रह किया कि ऐसे संवेदनशील मामलों में स्वतः संज्ञान लिया जाना चाहिए. मृतका के पिता नवीनिधि शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान न्यायिक प्रक्रिया पर भरोसा रखने की अपील की. उन्होंने कहा कि मामले में न्याय मिलने में देरी इसलिए हो रही है, क्योंकि आरोपी बेहद प्रभावशाली लोग हैं. शर्मा ने बताया कि अदालत में पुलिस ने भी यह स्वीकार किया कि आरोपियों का प्रभाव इतना अधिक है कि उन्हें जमानत नहीं दी जानी चाहिए. इसी आधार पर एक आरोपी बेटे की जमानत निरस्त हुई, लेकिन दूसरी आरोपी अब भी अग्रिम जमानत मिलने के बाद खुलेआम घूम रही है.

### दिवंगत बेटी के चरित्र पर सवाल उठाए जा रहे- पिता

नवीनिधि शर्मा ने मीडिया से संवेदनशीलता बरतने की अपील करते हुए कहा कि उनकी दिवंगत बेटी के चरित्र पर खुलेआम सवाल उठाए जा रहे हैं और उसे बदनाम किया जा रहा है, जो अपने आप में कानूनी अपराध है. उन्होंने कहा कि मीडिया को ऐसे मामलों का स्वतः संज्ञान लेना चाहिए और कोई भी सवाल पूछने से पहले यह सोचना चाहिए कि पीड़ित परिवार पर क्या बीत रही होगी, जब उनकी बेटी की इस तरह चरित्र हत्या की जा रही है. वहीं ट्विशा शर्मा के भाई मेजर हर्षित शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जांच प्रक्रिया और पुलिस कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठाए. उन्होंने कहा कि पुलिस को सबसे पहला कॉल उनके परिवार की ओर से किया गया था, न कि आरोपियों की तरफ से. हर्षित शर्मा ने आरोप लगाया कि आरोपी पक्ष यह दावा कर रहा है कि वे ट्विशा को बचाने की जल्दबाजी में थे, लेकिन सामने आए वीडियो में गिरिबाला सिंह बेहद शांत तरीके से सीढ़ियों पर आती-जाती दिखाई दे रही हैं, मानो उन्हें किसी बात की कोई जल्दबाजी ही न हो.

### FIR दर्ज करने में 3 दिन लग गए

मेजर हर्षित शर्मा ने कहा कि गिरिबाला सिंह न्यायिक व्यवस्था से पूरी तरह परिचित हैं और उनके घर से महज 30 सेकंड की दूरी पर पुलिस थाना मौजूद था. इसके बावजूद उन्होंने पुलिस को सूचना क्यों नहीं दी, यह सबसे बड़ा सवाल है. उन्होंने बताया कि उनके परिवार को एफआईआर दर्ज कराने में तीन दिन से ज्यादा का समय लग गया और आखिरकार 15 मई को रात 2:30 बजे एफआईआर दर्ज हुई. हर्षित के अनुसार, इससे पहले ही आरोपी पक्ष ने अग्रिम जमानत के लिए आवेदन दाखिल कर दिया था, जिससे पूरा मामला सुनियोजित प्रयास जैसा प्रतीत होता है.

### मेरे पिता को कोर्ट में धमकी मिली

उन्होंने अदालत द्वारा गिरिबाला सिंह को 63 वर्षीय प्रतिष्ठित महिला और 'गैर-खतरनाक' मानते हुए राहत दिए जाने पर भी सवाल उठाए. हर्षित शर्मा ने आरोप लगाया कि वही तथाकथित 'गैर-खतरनाक' महिला उनके 61 वर्षीय पिता को कोर्ट परिसर में धमकाने के लिए लोगों को भेज रही है. उन्होंने कहा कि उनके परिवार को धमकियां दी जा रही हैं कि 30 लोग उन्हें पीटेंगे. उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर एक 63 वर्षीय महिला को यह अधिकार किसने दिया कि वह उनकी दिवंगत बहन के बारे में अपमानजनक टिप्पणियां करे और परिवार को डराने की कोशिश करे.

### समर्थ सिंह कहां फरार?

मेजर हर्षित शर्मा ने यह भी पूछा कि आखिर समर्थ सिंह कहां हैं और वे फरार क्यों हैं? उन्होंने मीडिया और जांच एजेंसियों से सवाल किया कि इन मुद्दों पर ध्यान क्यों नहीं दिया जा रहा. साथ ही उन्होंने यह मांग भी उठाई कि मामले में दूसरी पोस्टमार्टम जांच की मांग पर चर्चा क्यों नहीं हो रही है? हर्षित शर्मा ने कहा कि उनका परिवार केवल निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग कर रहा है.

## संक्षिप्त ख़बरें

### रील का जुनून पड़ा भारी! ट्रैक्टर पर स्टंट करते-करते पहिए के नीचे आया युवक, पसलियां टूटीं



महाराष्ट्र के सांगली जिले में रील बनाने के दौरान एक युवक ट्रैक्टर के पहिये के नीचे आ गया. युवक ट्रैक्टर पर स्टंटबाजी कर रील बनाने की कोशिश कर रहा था. लेकिन ये उसके लिए जानलेवा साबित होते-होते बची। खेत में जुताई के दौरान चलती ट्रैक्टर पर करतब दिखाने की कोशिश में युवक अचानक संतुलन खो बैठा और ट्रैक्टर के पहिए के नीचे आ गया. इस भयावह घटना में युवक घायल हो गया. पूरी घटना मोबाइल कैमरे में रिकॉर्ड हो गई, जिसका वीडियो अब चर्चा का विषय बना हुआ है. मामला सांगली जिले के मलनगाव का है. जानकारी के अनुसार, विजय अण्णाप्पा माली सोमवार दोपहर अपने खेत में ट्रैक्टर से जुताई कर रहे थे. इसी दौरान उन्होंने तेज आवाज में गाना चलाकर ट्रैक्टर पर स्टंट करना शुरू कर दिया. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, वह चलती ट्रैक्टर से उतरने के बाद दोबारा उस पर चढ़ने का प्रयास कर रहे थे यह सब चंद सेकंड की रील के लिए कर रहे थे.

#### संतुलन बिगड़ने से घायल हुआ युवक

इसी बीच, उनका संतुलन बिगड़ गया और पैर फिसलने से वह सीधे ट्रैक्टर के नीचे गिर पड़े. देखते ही देखते ट्रैक्टर का बड़ा पहिया उनके शरीर के ऊपर से निकल गया. घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया और तुरंत उन्हें इलाज के लिए कवठेमहांकाल के एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया. बताया जा रहा है कि हादसे में युवक की तीन से चार पसलियां टूट गई हैं. हालांकि गंभीर हादसे के बावजूद उनकी जान बच गई. इस घटना ने एक बार फिर चलती गाड़ियों पर स्टंट करने के खतरों को सामने ला दिया है.

#### रील बनाना जानलेवा

हालांकि, रील बनाने और सोशल मीडिया पर ख्याति पाने के लिए युवक अक्सर जान जोखिम में डालते नजर आते हैं. कई बार उनको रील बनाने की वजह से अपनी जान तक गवानी पड़ जाती है. हाल ही में यूपी के सोनभद्र में रील बनाने के दौरान चार दोस्तों की नदी के गहरे में डूबने से जान चली गई थी.

## 'सिख दंपति 4 बच्चे पैदा करे BJP नेता ने पंजाब CM भगवंत मान को लिखी चिट्ठी, जानें क्या की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





भारतीय जनता पार्टी पंजाब के प्रदेश महासचिव व रिटायर्ड ब्रूस अफसर जगमोहन राजू ने पंजाब के मुख्यमंत्री को चिट्ठी लिखी है. उन्होंने कहा है कि पंजाब में हर सिख दंपति को कम से कम 4 बच्चे पैदा करने चाहिए. इसके बदले पंजाब सरकार को उन्हें 30 से 40 हजार रुपए का इनाम देना चाहिए. इसको लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत मान को लेटर लिख दिया है. उन्होंने सिखों की घटती आबादी पर चिंता जताते हुए,क्क सरकार से आर्थिक प्रोत्साहन योजना लागू करने की मांग की है. हालांकि पंजाब बीजेपी ने इसे उनकी निजी राय बताते हुए इस पूरे मामले से खुद को अलग कर दिया है। जगमोहन सिंह राजू ने चिट्ठी में कहा है कि कि पंजाब में भी आंध्र प्रदेश वाला 4 बच्चों का मॉडल लागू किया जाना चाहिए. राजू से पहले सिखों के सर्वोच्च तख्त श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज भी इसकी पैरवी कर चुके हैं. उनका कहना था कि सिर्फ सिखों का एक बच्चा होना समझदारी नहीं है. जगमोहन राजू ने लिखा, सिख कौम भारत में संवैधानिक तौर पर मान्यता प्राप्त अल्पसंख्यक है. राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे (NFHS) के मुताबिक सिखों की जनन दर यानी फ़र्टिलिटी रेट देश के सब भाईचारों में सबसे कम है. इस कारण सिखों की आबादी में लगातार गिरावट आ रही है और यह चिंताजनक है.

### पंजाब सरकार से सुझाव के साथ की मांग

जगमोहन राजू ने आगे लिखा- साल 1991 में पंजाब की आबादी में सिखों को हिस्सा 62.95% था, जो 2011 की जनगणना में घटकर 57.69% रह गई है. यह भी संकेत हैं कि आबादी घटने का यह सिलसिला अभी भी जारी है. आबादी में गिरावट पंजाब में सिखों की सामाजिक और सभ्याचारक भविष्य के लिए गंभीर चिंता का विषय है. राजू ने लिखा- सिखों को आबादी बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए मेरा सुझाव है कि पंजाब सरकार को आंध्र प्रदेश सरकार के हाल ही में ऐलान किए मॉडल के तहत इनाम देना चाहिए. जिसमें तीसरे बच्चे के पैदा होने पर 30 हजार और चौथे बच्चे पर 40 हजार रुपए दिए जाएं। इसे लागू करने में गंभीरता से काम करना चाहिए। इससे सिख परिवारों को मदद मिलेगी और आबादी में गिरावट को रोका जा सकेगा।

### पंजाब सरकार से राजू ने जताई उम्मीद

जगमोहन सिंह राजू ने आंध्र प्रदेश की तर्ज पर पंजाब में भी सिखों की जनसंख्या बढ़ाने के लिए आर्थिक सहायता शुरू करने का प्लान बनाने की पंजाब सरकार से दरख्वास्त की है. जगमोहन सिंह राजू ने कहा कि भले ही ये उनकी निजी राय है लेकिन उन्हें पूरी उम्मीद है की राजनीति से ऊपर उठकर पंजाब सरकार इस मामले में जल्द ही कोई फैसला लेगी और इस पूरे मामले को गंभीरता से लेगी.

### पंजाब बीजेपी अध्यक्ष ने इससे खुद को किया अलग

हालांकि पंजाब बीजेपी अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने पार्टी को इस पूरे मामले से अलग कर लिया. उन्होंने कहा कि ये बतौर सिख जगमोहन सिंह राजू की अपनी राय है और उन्होंने अपने ही लेटर हेड पर एक पूर्व आईएएस और सिख इंटेलेक्चुअल होने के नाते ये चिट्ठी मुख्यमंत्री भगवंत मान को लिखी है. पंजाब सरकार को अब आगे तय करना है.

## NTA में चार नए अधिकारियों की नियुक्ति, कई पदों पर निकली वैकेंसी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




NEET पेपर लीक मामले के बाद सरकार ने National Testing Agency (NTA) को नए सिरे से मजबूत कर रही है. यानी पूरी व्यवस्था को एक नया रूप दे रही है. केंद्र सरकार ने अब NTA में चार वरिष्ठ अधिकारियों की नियुक्ति की गई है. इनमें दो संयुक्त सचिव लेवल और दो डायरेक्टर लेवल के अधिकारी शामिल हैं. नई नियुक्ति के साथ ही पहली बार टेक्निकल, फाइनेंस और एचआर के लिए अलग-अलग एक्सपर्ट अधिकारियों की नियुक्ति के लिए भर्ती भी निकाली गई है. केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के निर्देश पर NTA ने कई अहम सुधारों का ऐलान किया है. बताया गया है कि अब परीक्षा सुरक्षा और डिजिटल सिस्टम को पहले से कहीं ज्यादा मजबूत बनाया जाएगा. इसके लिए ह्र्र में चार वरिष्ठ अधिकारियों की नियुक्ति की गई है. इनकी जिम्मेदारी एजेंसी में पारदर्शिता बढ़ाने, प्रशासनिक सुधार लागू करने और पूरी व्यवस्था की निगरानी करना होगी. इसके अलावा NTA ने Chief Technology Officer (CTO), Chief Finance Officer (CFO) और General Manager-HR जैसे बड़े पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है.

### CTO के पास होगी ये पावर

इन पदों के लिए भर्ती नोटिफिकेशन जारी किए गए हैं और आवेदन की अंतिम तारीख नोटिफिकेशन जारी होने के 15 दिन बाद तक रखी गई है. माना जा रहा है कि इन बदलावों में, CTO के पद पर नियुक्ति सबसे ज्यादा ध्यान खींच रही है. अब से, परीक्षा प्रणाली के पूरे तकनीकी सुरक्षा ढांचे की देखरेख एक वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी करेगा. यह अधिकारी AI-आधारित निगरानी, ??बायोमेट्रिक सत्यापन, चेहरे की पहचान, साइबर सुरक्षा और प्रश्न पत्र की सुरक्षा जैसी प्रणालियों को विकसित करने के लिए जिम्मेदार होगा.

### अब हर चरण पर तकनीकी सुरक्षा उपाय लागू

सरकार के मुताबिक, अब हर चरण पर तकनीकी सुरक्षा उपाय लागू किए जाएंगे. प्रश्न पत्रों की तैयारी से लेकर उनकी छपाई और परिवहन तक. इसके अलावा, AI और डेटा एनालिटिक्स का उपयोग करके संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी. परीक्षा केंद्रों पर बायोमेट्रिक पहचान और चेहरे की पहचान प्रणालियों को भी और मजबूत किया जाएगा.

### NTA के जिम्मे हर साल 1 करोड़ से ज्यादा छात्र

यह ध्यान देने योग्य है कि NTA हर साल पूरे देश में 1 करोड़ से ज्यादा छात्रों के लिए विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन करता है. नतीजतन, हाल के विवादों का एजेंसी की विश्वसनीयता पर काफी असर पड़ा है. सरकार और NTA दोनों का अब यह लक्ष्य है कि वे एक स्पष्ट संदेश दें कि आने वाले समय में, परीक्षा प्रक्रिया को पूरी तरह से सुरक्षित और भरोसेमंद बनाया जाएगा.

## ये बीजेपी की सोची समझी रणनीति BHU के विवादित सवाल पर अखिलेश यादव का हमला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक बार फिर सरकार पर हमला बोला है. इस बार उन्होंने बीएचयू विवादित सवाल पर सरकार को घेरा है. अखिलेश यादव ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि बीएचयू में कोई क्वेश्चन पेपर आ गया है उसका सवाल भी टेढ़ा-मेढ़ा है. यह भारतीय जनता पार्टी की सोची समझी रणनीति है. अखिलेश ने बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी (BHU) जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में कैसे सवाल पूछे जा रहे हैं. पहले उन्हें बदनाम करो, फिर उस पर हमसे सवाल पूछे जाते हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि यह सब बीजेपी कराती है. बीजेपी ही इन सबके पीछे हैं. उन्होंने मदनमोहन मालवीय जैसे पुरुषों के प्रतिष्ठित संस्थान का इन लोगों ने क्या हाल कर दिया है. उन्होंने कहा कि नीट पेपर लीक का सभी को पता है. इतना कुछ होने के बाद भी एक बार फिर नीट पेपर लीक हो गया. पकड़े गए लोगों में भी बीजेपी के लोग शामिल हैं. अब नीट परीक्षा अब लीक परीक्षा हो गई है. उन्होंने कहा कि केवल 22 लाख बच्चे परीक्षा से दूर नहीं हुए हैं. उनके परिवारों को इससे परेशानी हुई है.

### BHU के क्वेश्चन पेपर का विवादित सवाल

दरअसल, हाल ही में बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी (BHU) में संपन्न हुई परीक्षा में ब्राह्मणवादी पितृसत्ता को लेकर पूछे गए सवाल पर ब्राह्मण महासभा ने आपत्ति जताई है. यूपी में इससे पहले भी परीक्षाओं में ब्राह्मण से जुड़े सवाल पूछे गए थे, जिसे ब्राह्मण अपमान मानते हुए प्रदेश में बवाल शुरू हो गया था. अब ब्ला के क्वेश्चन पेपर ब्राह्मणवादी पितृसत्ता को लेकर पूछे गए सवाल पर बवाल मचा हुआ है.

### बढ़ती महंगाई और गिरते रुपये को लेकर सरकार पर साधा निशाना

सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों और महंगाई को लेकर भी बीजेपी पर हमला बोला है. उन्होंने कहा कि बीजेपी बताए कि गैस सिलेंडर महंगा क्यों हो गया, पेट्रोल महंगा क्यों हो गया. आखिर ऐसा क्या हुआ जो सरकार को इसे महंगा करना पड़ा. अखिलेश ने कहा कि सरकार को इसका जवाब देना चाहिए. सरकार इससे बच नहीं सकती है. इस दौरान अखिलेश रुपये की होने वाली गिरावट को लेकर भी सवाल खड़े किए हैं. उन्होंने कहा कि सरकार वह आंकड़ा देना क्यों भूल जाती है कि हमारा रुपया और कितना गिरेगा. अब लग रहा है रुपया की पाताल लोक की तरफ दिशा बन गई है.

## दिल्ली बनी 'तंदूर' पारा 46 डिग्री के पार, हीटवेव से झुलसे लोग; इस सीजन का आज सबसे गर्म दिन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दिल्ली में लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है. इन दिन लगातार तापमान बढ़ने से झुलसा देने वाली गर्मी लोगों के लिए मुसीबत बन रही है. तापमान 46 डिग्री पार पहुंच गया. दिल्ली के रिज इलाके में अधिकतम तापमान 46.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. आयानगर में 45.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा. लोधी रोड पर तापमान 45.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. सफदरजंग में 45.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. वहीं पालम में भी 45.1 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा. आईएमडी के अनुसार, आने वाले दिनों में भी तापमान बढ़ने से लोगों को झुलसाने वाली गर्मी का सामना करना पड़ेगा. लगातार बढ़ती गर्मी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पूरी राजधानी में तापमान सामन्य से 3 डिग्री सेल्सियस तक अधिक दर्ज किया गया है. लू के थपेड़ों और झुलसा देने वाली गर्म हवाओं की वजह से बाहर खुले में काम करने वाले लोगों के लिए भारी मुसीबत साबित हो रही हैं.

### 46 डिग्री पहुंचा पारा

आईएमडी ने दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में तापमान के ताजा आंकड़े जारी किए हैं, दिल्ली में तापमान 46 डिग्री पार पहुंच गया, जो कि सामान्य तापमान से 4 डिग्री सेल्सियस अधिक है. दिल्ली के रिज इलाके में अधिकतम तापमान 46.5 डिग्री सेल्सियस, आयानगर में 45.5 डिग्री सेल्सियस, लोधी रोड पर तापमान 45.2 डिग्री सेल्सियस, सफदरजंग में 45.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. वहीं पालम में भी 45.1 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा.

### आईएमडी ने जारी किया अलर्ट

मौसम विभाग के अनुसार, आज यानी मंगलवार 19 मई की सुबह ही न्यूनतम तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. वहीं बीते दिन देश की राजधानी के लिए 'येलो' अलर्ट जारी किया गया था, जिसमें कुछ इलाकों में हीटवेव की स्थिति बनने की चेतावनी दी गई थी. आईएमडी ने संभावना जताई थी कि दिल्ली का अधिकतम तापमान आज 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है, लेकिन दोपहर में तापमान 46 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत में भीषण गर्मी का असर आने वाले दिनों में भी देखने को मिलेगा. उत्तर प्रदेश के बांदा, हमीरपुर और कानपुर जिले में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है.

